DATE :- 06-06-2026

DAINIK BHASKAR, PAGE-2, SURAT

उपमुख्यमंत्री: इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मेट्रो, डायमंड बुर्स PM के ड्रीम प्रोजेक्ट

गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि प्रधानमंत्री को मजबूत सुरक्षा कवच मिलना चाहिए। सूरत महानगर पालिका वेस्ट वाटर को रिसाइकिल करके सालाना 140 करोड़ रुपए कमाती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 4 करोड़ घर, 10 करोड़ शौचालय बने हैं और 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। सूरत में इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मेट्रो रेल हो या फिर विश्व की सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग 'सूरत डायमंड बुर्स' हो... प्रधानमंत्री मोदी के ये सभी ड्रीम प्रोजेक्ट्स रहे हैं। सूरत का व्यापारी और डायमंड किंग आज दुनिया के किसी भी कोने में गर्व से कह सकता है कि वह नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के ग्रोथ इंजन जैसे सूरत शहर का निवासी है। गृह मंत्री के रूप में मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आज गुजरात और विशेष रूप से हमारा सूरत देश में सबसे सुरक्षित बने हैं। सूरत एक ऐसा शहर है जहां हमारी बेटियां, माताएं-बहनें देर रात चाहे जितने भी बजे हों, निडर होकर सुरक्षित रूप से घूम-फिर सकती हैं।